# CSE Report: महाराष्ट्र और गुजरात में बढ़ता प्रदूषण चिंताजनक, सीएसई ने अपनी रिपोर्ट में किया आगाह

न्यूज डेस्क, अमर उजाला, नई दिल्ली Published by: Amit Mandal Updated Wed, 19 Jan 2022 10:39 PM IST

## सार

विश्लेषण में कहा गया है कि इस क्षेत्र में हालात और बिगड़ने से रोकने के लिए तुरंत कदम उठाए जाने की जरूरत है।



air pollution - फोटो : PTI

## विस्तार

सेंटर फॉर साइंस एंड एनवायरनमेंट (सीएसई) द्वारा क्षेत्रीय वायु प्रदूषण के स्तर के एक नए विश्लेषण के अनुसार, भौगोलिक लाभ और अनुकूल मौसम विज्ञान के बावजूद पश्चिमी राज्यों महाराष्ट्र और गुजरात

में वायु प्रदूषण तेजी से चिंता का विषय बनता जा रहा है। सीएसई की कार्यकारी निदेशक (अनुसंधान) अनुमिता रॉयचौधरी ने कहा कि मुंबई में खराब-हवा के दिनों की संख्या 2019 और 2021 के बीच दोगुनी हो गई है, जबकि अच्छे दिनों में 20 प्रतिशत की कमी आई है। इस क्षेत्र में हालात और बिगड़ने से रोकने के लिए तुरंत कदम उठाए जाने की जरूरत है।

विश्लेषण में दो राज्यों के 15 शहरों में फैले 56 निरंतर परिवेशी वायु गुणवत्ता निगरानी स्टेशनों (सीएएक्यूएमएस) को शामिल किया गया है। महाराष्ट्र में औरंगाबाद, कल्याण, नागपुर, नासिक और सोलापुर में एक-एक स्टेशन, चंद्रपुर में दो, नवी मुंबई में चार, पुणे में आठ और मुंबई में 21 स्टेशन। गुजरात में अंकलेश्वर, नंदेसरी, वापी और वटवा में एक-एक स्टेशन, गांधीनगर में चार और अहमदाबाद में आठ स्टेशन।

सीएसई के अर्बन डेटा एनालिटिक्स लैब के प्रोग्राम मैनेजर अविकल सोमवंशी ने बताया कि इन राज्यों के कुछ शहरों में कई रियल टाइम मॉनिटर हैं, लेकिन उनमें से कई पर डेटा अंतराल और गुणवत्ता डेटा की कमी के कारण दीर्घकालिक विश्लेषण के लिए विचार नहीं किया जा सकता है।

इसके अलावा, कई मामलों में रियल टाइम मॉनिटर हाल ही में स्थापित किए गए हैं और इसलिए दीर्घकालिक डेटा उपलब्ध नहीं है। शोधकर्ताओं ने पाया कि इस क्षेत्र के लगभग सभी शहरों में 2020 में वार्षिक औसत पीएम 2.5 के स्तर में गिरावट देखी गई थी जिस वर्ष लॉकडाउन लागू किया गया था। लेकिन अब दोबारा पुरानी स्थिति दिखाई पड़ रही है।

**गुजरात में अधिक प्रदूषण**

गुजरात के शहर महाराष्ट्र की तुलना में अधिक प्रदूषित हैं। वटवा और अंकलेश्वर में इस क्षेत्र में सबसे प्रदूषित हवा है जिसमें 2021 का औसत पीएम 2.5, 67 माइक्रोग्राम प्रति क्यूबिक मीटर है। इसके बाद वापी और अहमदाबाद में 2021 का वार्षिक औसत क्रमश: 54 माइक्रोग्राम प्रति घन मीटर और 53 माइक्रोग्राम प्रति घन मीटर है।

वहीं महाराष्ट्र के औद्योगिक शहर चंद्रपुर ने 43 माइक्रोग्राम प्रति घन मीटर वार्षिक मानक से मामूली ऊपर का स्तर दर्ज किया है। अन्य स्टेशनों ने वार्षिक मानक को पूरा किया है, हालांकि ये सभी 2020 में गिरावट के बाद 2021 में बढ़ता रुझान दिखा रहे हैं।

## ये भी पढ़ें...

India News 19 जनवरी 2022

Kerala Cabinet: कांग्रेस-माकपा में राजनीतिक बयानबाजी, मुरलीधरन का कोडियेरी के बयान पर पलटवार

World 19 जनवरी 2022

अबूधाबी आतंकी हमला: यूएई ने यूएनएससी से किया बैठक करने का अनुरोध, दो भारतीयों और एक पाकिस्तानी की गई थी जान

India News 19 जनवरी 2022

Corona Vaccine: जल्द बाजार में भी मिल सकेंगी कोविशील्ड और कोवाक्सिन, सरकारी पैनल के प्रस्ताव के बाद DCGI की मंजूरी का इंतजार

India News 19 जनवरी 2022

Domestic Air Travel: दिसंबर 2021 में 1.12 करोड़ लोगों ने की घरेलू हवाई यात्रा, नवंबर के मुकाबले 6.7 फीसदी अधिक रही संख्या

India News 19 जनवरी 2022

वैवाहिक दुष्कर्म: दिल्ली हाईकोर्ट ने कहा, आईपीसी की धारा 377 और 375 में थी विसंगति, पढ़िए क्या है पूरा मामला

India News 19 जनवरी 2022

समझौता: अत्याधुनिक कनेक्शन थ्रेडिंग इकाई स्थापित करने के लिए जिंदल और हंटिंग एनर्जी सर्विसेज के बीच साझेदारी

India News 19 जनवरी 2022

Work From Home: केंद्रीय मंत्री बोले, वर्क फ्रॉम होम के दौरान कुछ मामलों में कर्मचारियों का उत्पादन बढ़ा

India News 19 जनवरी 2022

इंडिगो के सीईओ बोले: सरकार को 21 फीसदी अप्रत्यक्ष टैक्स देने के कारण नागरिक उड्डयन उद्योग की बुरी हालत

बेसिक से एडवांस तक होगी NDA की तैयारी! अभी ज्वाइन करें NDA चैंपियन बैच! Click Here

air pollution india news national

अमर उजाला की खबरों को फेसबुक पर पाने के लिए लाइक करें

Like Ankur Sharma and 7.8M others like this.

**Become A Business Analyst. No Technical Background Required.**

**Great Learning** | Sponsored

**Get a free Public Speaking Class for your Child!**

Exclusively for Ages 4-14

**PlanetSpark** | Sponsored

Learn More

**A tumor on my cheek is threatening to take my life. Help me**

**Ketto** | Sponsored

Learn More

**Luxurious 3/4 BHK Apartments in Hyderabad**

Don’t miss the chance to reside in the beautiful homes in Hyderabad's most premium location

**Prestigeconstructions.com** | Sponsored

Get Quote

**Switch to a career in Data Science without quitting your job**

**Great Learning** | Sponsored

Learn More

**If Someone Puts A Plastic Bottle On Your Tire, It Means**

**Teqzy** | Sponsored

रहें हर खबर से अपडेट, डाउनलोड करें Android Hindi News apps, iOS Hindi News apps और Amarujala Hindi News apps अपने मोबाइल पे|

Get all India News in Hindi related to live update of politics, sports, entertainment, technology and education etc. Stay updated with us for all breaking news from India News and more news in Hindi.

होम

## न्यूज ब्रीफ

user image

आवाज

मेन्यू

Downloads

अमर उजाला

Follow Us

News From Indian States

- Uttar Pradesh News
- Himachal Pradesh News
- Uttarakhand News
- Haryana News
- Jammu And Kashmir News
- Bihar News
- Rajasthan News
- Jharkhand News
- Chhattisgarh News
- Delhi News

Gujarat News

Lifestyle

Health News
Fitness News
Fashion News
Spirituality
Astrology
Daily Horoscope
Astrology Predictions
Astrologers
Astrology Services
Pujas

Tools

Age Calculator
BMI Calculator
Income Tax Calculator

Entertainment News

Bollywood News
TV Serials
Hollywood News
Movie Reviews
Photo Gallery
Videos
Shayari
Hindi Jokes

Sports News

Cricket News
Live Cricket Score
Hockey
Tennis
Football

Latest News

Technology News
Auto News
Car Reviews
Mobile Apps
Gadgets
Sarkari Naukri
Sarkari Result

Career Plus
Education
Business News
China News
World News
Europe News

Trending News

India Omicron LIVE
Sarkari Naukri
UP Election 2022
Petrol Diesel Price
Gold Silver Price
Share Market
MP News




Read the latest and breaking Hindi news on amarujala.com. Get live Hindi news about India and the World from politics, sports, bollywood, business, cities, lifestyle, astrology, spirituality, jobs and much more. Register with amarujala.com to get all the latest Hindi news updates as they happen.

Other Properties:

Firkee | My Result Plus | SSC Coaching | My Jyotish

Enter your email Subscribe

About Us | Advertise with us | Careers | Privacy | Cookies Policy |
Contact Us | Terms and Conditions | Products and Services |
RSS Feeds | Sitemap | Code of Ethics | Delete All Cookies

© 2021-22 Amar Ujala Limited